उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 49/2020/1330/छप्पन-2020-34/2016
लखनऊ, दिनांक: 20 अगस्त, 2020

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय,उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 के अन्तर्गत प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर श्री संतोष कुमार सिंह को रू0 45,600/-(रूपए पैंतालीस हजार छ: सौ मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर शासनादेश संख्या:- 67/2016/1240/छप्पन-2016-19/11 दिनांक 05 सितम्बर, 2016 द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर 02 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था। जिसके अनुपालन में उनके द्वारा दिनांक 06 सितम्बर, 2016 के पूर्वाह्न में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। तदुपरान्त श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालय ज्ञाप संख्या-76/2019/1472/छप्पन-2019-34/2016 दिनांक 05 सितम्बर, 2019 द्वारा प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) के पद पर संविदा अवधि अग्रेत्तर 01 वर्ष (दिनांक 06 सितम्बर, 2019 से दिनांक 05 सितम्बर, 2020 तक) के लिए मासिक पारिश्रमिक रू0 50, 274/- एवं 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जो दिनांक 05 सितम्बर, 2020 को समाप्त हो रही है। निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा पत्र दिनांक 23 जुलाई, 2020 के माध्यम से इनकी संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रूपए 52,788/- पर एवं शासनादेश संख्या: 1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि यथासमय करते हुए दिनांक 06 सितम्बर, 2020 से अग्रेत्तर 01 वर्ष अर्थात दिनांक 05 सितम्बर, 2020 तक बढ़ाए जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

2- अत: सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 के अन्तर्गत प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर कार्यरत श्री संतोष कुमार सिंह की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रू0 52,788/-(रूपए बावन हजार सात सौ अठ्ठासी मात्र) एवं शासनादेश संख्या: 1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि यथासमय पर दिनांक 06 सितम्बर, 2020 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 05 सितम्बर, 2021 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री संतोष कुमार सिंह की सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- श्री संतोष कुमार सिंह से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुन: अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सुरेन्द्र सिंह
विशेष सचिव।

श्री संतोष कुमार सिंह,
एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।